19. अनुच्छेद लेखन

किसी विषय पर अपने भावों, विचारों को सरल वाक्यों में क्रमबद्ध लिखना अनुच्छेद लेखन कहलाता है। अनुच्छेद लेखन द्वारा बच्चों की किसी विषय विशेष संबंधी जानकारी या विचार को जानने का प्रयास किया जाता है। भाषा की इस विधा द्वारा बच्चों का लेखन कौशल तथा विचारात्मक कौशल को विकसित किया जाता है।

- शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को अनुच्छेद लेखन का सही तरीका बताते हुए इसके मुख्य बिंदुओं के बारे में बताएँ।
- अनुच्छेद लिखते समय ध्यान रखने योग्य विशेष बातों पर बच्चों से चर्चा करें।
- पाठ में दिए गए अनुच्छेद एक-एक कर बच्चों से ही पढ़वाएँ।
- सभी बच्चों को वाचन का समुचित अवसर दें।
- अभ्यास के लिए दिए गए अनुच्छेद के विषयों के संकेत बिंदुओं पर चर्चा करें। तदुपरांत बच्चों को अपने विचारों को सरल शब्दों में क्रमबद्ध तरीके से लिखने को कहें।
- बच्चों की लेखन संबंधी त्रुटियाँ दूर करें।